# हरिभूमि कांकेर भूमि

तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

रायपुर, शुक्रवार, 20 जून 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



12 प्रधानमंत्री के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण होने पर ...





12 अच्छी फसल की कामना, ठाकुर देव ...




## खबर संक्षेप



### मोहपुर में टिन शेड निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

**दसपुर।** ग्राम पंचायत मोहपुर के शमशान घाट में टिना शेड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। ग्राम के सरपंच संदीप मंडावी ने बताया कि शमशान घाट में टिन शेड नहीं होने के कारण ग्रामवासियों को बारिश के दिनों में काफी दिक्कत होती थी। जिसको ध्यान में रखते हुए टिन शेड निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर उपसरपंच कृष्णा नेताम, गायता गोविंद वट्टी, ग्राम पटेल नारद मंडावी, शीतल ध्रुव, रोशनी मरकाम, राधा नेताम, फुलेसर भास्कर, विक्की वट्टी, ईश्वर वट्टी, मायाराम वट्टी, सुरेंद्र भास्कर, भागवत वट्टी, एतन व वट्टी व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, मामला दर्ज

**कांकेर।** कच्चे चौकी अंतर्गत हुए सड़क हादसे के विवेचना में पाया



गया कि भानुप्रतापपुर निवासी 30 वर्षीय मृतक गोविन्दा रावटे पिता स्व. पुनीत रावटे 13 जून को रात करिबन साढ़े 10 बजें कच्चे माईंस डियूटी के बाद अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीसी 5335 से घर भानुप्रातपपुर जा रहा था। ग्राम भैंसमुडी कैंप के पास मेन रोड पर किसी अज्ञात वाहन के चालक द्वारा तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मरकर एक्सीडेंट किया। जिससे मृतक के सिर व सीना व शरीर के अन्य भाग मे गहरा चोट आने पर मृतक गोविन्दा रावटे का मौत हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### बरगांव में सरपंच ने लगवाया पानी का टैंक



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत हाटकोंदल के आश्रित ग्राम बरगांव में सरपंच हरिषा मंडावी के द्वारा लोगों की सुविधा के लिए पानी का टैंक लगवाया। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत की ओर से सप्लाई वाटर के तहत टैंक लगाया है, जहां से लोग पीने का पानी ले सकेंगे। इस अवसर पर बलीराम गोटी, सुधीर, श्यामू मंडावी, नरेंद्र लक्ष्मी रावटे, राऊराम, गोलू देवेंद्र यादव सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

---

**अपराध :** प्रारंभिक जांच में डीजल का खुले में ट्रांसफर करना पाया, जो दण्डनीय अपराध

# खाद्य विभाग ने पुलिस को सौंपी प्राथमिक रिपोर्ट, अब करेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- निको कंपनी प्रबंधन ने खदान में लगे ट्रांसपोर्टरों पर कसी लगाम

बायपास कांकेर के मामले को लेकर खाद्य विभाग ने प्राथमिक जांच की रिपोर्ट पुलिस को सौंपते हुए कार्रवाई करने का पत्र सौंपा है, वहीं पुलिस अब इस मामले में नए सिरे से जाँच करेगी। यह भी पता चला है कि निको कंपनी प्रबंधन ने सभी ट्रांसपोर्टर पर लगाम कसने का नोटिस जारी कर दिया है। यह तय है कि खुले में डीजल ट्रांसफर करने का जो खेल चला, वो पूरी तरह से अवैध था, यह खाद्य विभाग की रिपोर्ट में सिद्ध हो गया है। जानकारी के अनुसार खाद्य विभाग ने प्रारंभिक जाँच रिपोर्ट तैयार करके पुलिस को कार्यवाही करने के लिए सौंपा है। प्रारंभिक



बायपास में टैंकर से ट्रकों में डीजल को किया जा रहा था ट्रांसफर, खनिज विभाग ने किया जब्त



खाद्य विभाग की टीम ने जब्त टैंकरों से डीजल की जांच के लिए लिया सैंपल

**हरिभूमि फॉलोअप**

जाँच के दौरान दो टैंकर जीजे 39 टी 8810 एवं जीजे 12 बीटी 7033, एक पिकअप सीजी 07 सीटी 7051 एवं एक माजदा गाड़ी सीजी 04 क्यूबी 6198 डीजल से आंशिक भरा हुआ था। चारों वाहन बिना मालिक व ड्रायवर के लावारिस स्थिति में पाए जाने पर जब्त कर 4 जून 2025 को पुलिस को अभिरक्षा में दिया गया। पाँच जून को सिंघल बिजनेस प्राइवेट लिमिडेट दुर्ग एवं जमीन मालिक राजकुमार चोपड़ा की उपस्थिति में जप्त पिकअप सीजी 07 सीटी 7051, माजदा गाडी सीजी 04 क्यूबी 6198 एवं टैंकर जीजे 39 टी 8810 से सेम्पल सील बन्द वुडन डिब्बा में कुल 09 सेम्पल लिया गया, जिसमें 03 सेम्पल मीटूमल पिता रंजित कुमार, सिंघल बिजनेस प्राइवेट लिमिडेट दुर्ग के सुपुर्दगी में दिया गया औरशेष 06 सेम्पल जिला कार्यालय खाद्य शाखा में उपलब्ध है। सिंघल बिजनेस प्राइवेट लिमिडेट दुर्ग द्वारा बिना विस्फोटक प्राधिकारी, परिवहन अधिकारी एवं तेल कम्पनी द्वारा प्रमाणित दस्तावेज के डीजल का परिवहन एवं क्रय- ▸▸| शेष पेज 10 पर

### लैब में नहीं हुई जांच, केवल डेनसिटी परखी गई

जिला खाद्य अधिकारी जेआर नायक ने बताया कि लैब में जाँच के लिए भेजा गया था, परंतु 66 हजार फीस माँगा गया। इतनी राशि विभाग के पास नहीं होने के कारण लैब में नकली या असली डीजल की पहचान नहीं हो पाई। खाद्य निरीक्षक नरहरपुर के द्वारा एक सेट सैंपल से 11 जून को स्थानीय दो पेट्रोल पंप से डेनसिटी की जाँच किया गया, जो सही पाया गया।

### जांच के बाद दर्ज होगा मामला

कांकेर थाना प्रभारी मनीष नागर ने कहा कि खाद्य विभाग की प्रारंभिक रिपोर्ट मिली है। विभाग से मिली प्रारंभिक रिपोर्ट की विवेचना किया जाएगा, इसके बाद दस्तावेजों की जरूरत पड़ने पर विभाग से दस्तावेज मांगे जाएंगे, उसके उपरांत काननून नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा।

### लैब में जांच के बाद पता चलेगा कि मिलावट है या नहीं



लाइसेंस के बिना खुले में डीजल का ट्रांसफर करने वालों पर गाज गिरने का है इंतजार

डीजल की जाँच रायपुर के लैब से जब तक नहीं कराया जाएगा, तब तक स्पष्ट नहीं हो पायगा कि डीजल में मिलावट है या नहीं। जानकारों का कहना है कि बायोडीजल में केमिकल मिलाकर डीजल बनाने पर डेनसिटी जस का तस मिलेगाद्ध परंतु केमिकल मिलावट तभी पता चल पाएगा जब उसकी जाँच लैब में करवाया जाएगा। प्रदेश में एक ही लैब होने के कारण उस पर भी समय समय पर उंगलियाँ उठती रही है।

---

# सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल रहे बेमिसाल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोरर

- संकल्प सभा में योजनाओं की दी जानकारी : अनूप

संकल्प से सिद्धि, विकसित भारत का अमृत काल, नरेंद्र मोदी के सेवा सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत प्रदेश व जिला के मार्गदर्शन पर भाजपा मंडल कोरर में 19 जून को संकल्प सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रभारी एवं जिला मंत्री अनूप सिंह राठौर ने भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति अनुसार सर्वप्रथम मां भारती एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर भारत माता की जय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमर रहे, डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी अमर रहे के नारो के साथ सभा की शुरुआत किया गया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का अमृत काल, सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल, संकल्प से सिद्धि, तक की केंद्र सरकार की अनेक जन कल्याणकारी योजना जैसे गरीबों की सेवा ,वंचितों का सम्मान ,किसानों का कल्याण सुनिश्चित, नारी शक्ति के लिए नई गति, मध्यम वर्ग का जीवन आसान, राष्ट्र प्रथम राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति, व्यापार सुगमता, इंफ्रास्ट्रक्चर प्रगति पथ, भारत का टेक्नोलॉजी युग, विरासत और विकास के क्षेत्र में हुए कार्यों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप ने कहा कि उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को विकसित भारत 2047 का संकल्प दिलाते हुए मंडल के शक्ति केंद्रों एवं बूथ स्तर पर सभा आयोजित कर इस संकल्प में सभी लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री जय शिवना और आभार मंडल महामंत्री नरेंद्र शर्मा ने किया।

आयोजित कार्यक्रम में शंकर यादव, मंडल के उपाध्यक्ष झाड़ूराम मांडवी, चउथराम उईके, थान सिंह साहू, हरबंश शिवना, कुबेर कोसमा, भागीरथी जुर्री, कुलेश्वर नेताम, पार्वती साहू, शिव शंकर शुक्ला, दिलीप चुरेंद्र, ▸▸| शेष पेज 10 पर

---

# हत्यारे को गिरफ्तार करने मितानिन संघ ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गूकोंदल

विकासखण्ड दुर्गूकोंदल क्षेत्र में मितानिन प्रेरक की हत्या के मामले में दुर्गूकोंदल पुलिस सुराख खंगालने में जुटी हुई है, इधर 450 मितानिन सहित प्रेरक, ब्लाक समन्वयक आक्रोशित होकर थाने पहुँचकर हत्यारे को गिरफ्तार करने की माँग की हैं। तहसीलदार और थाना प्रभारी दुर्गूकोंदल को तत्काल हत्याकांड के आरोपी को गिरफ्तार करने ज्ञापन सौंपा है। मितानित संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि हत्या के आरोपी को गिरफ्तारी की मांग को लेकर 20 जून को एक दिवसीय रैली और अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। ब्लाक समन्वयक चंद्रिका पटेल, ब्लाक समन्वयक निर्मला नाग ने बताया कि मितानिन प्रेरक जयंती मंडल अच्छे स्वभाव की थी, लेकिन अपराधी ने क्रूरतापूर्ण पत्थर से कुचलकर कर हत्या कर दिया है। मितानिन प्रेरक ग्राम बांदे निवासी है और 17 जून को ड्यूटी के लिए ग्राम चिखली आई थी। शाम तक घर नहीं पहुंची और 18 जून को ग्राम हुलघाट में उसका शव मिला। हत्यारे ने पूरी तरह से पत्थर से सिर को कुचल दिया। मितानिन प्रेरक की हत्या की स्वास्थ्य मितानिन संघ विरोध करते हैं। हत्या की खबर मिलने के 36 घंटे बाद भी ▸▸| शेष पेज 10 पर

### मितानिन प्रेरक की एक्टिवा घटनास्थल से 15 किमी. दूर मिली



**दुर्गूकोंदलद।** मितानिन प्रेरक जयंती मंडल का शव हूलघाट में नाला के पास मिला था, पुलिस ने मर्ग कायम कर जाँच शुरू कर दिया है। जाँच के दौरान मृतिका की स्कूटी मिल गई, वहीं अभी तक मृतिका का गायब मोबाईल नहीं मिल पाया है। पुलिस मामले की जाँच में जुटी है। मितानिन प्रेरक का शव मिलने के बाद से पुलिस को अभी तक मिले सबूत के आधार पर जाँच शुरू कर दिया है। जाँच के पहले पायदान के तहत महिला की एक्टिवा स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीटी 7983 को दुर्गूकोंदल पुलिस ने नरेटीटोला और हामतवाही के जंगल से बरामद कर लिया है। मितानिन एक्टिवा की एक्टिवा नरेटीटोला में मिलने के उपरांत आसपास पुलिस ने छानबीन किया है और कुछ सबूत हाथ लगे है। पुलिस हत्या की कड़ियों को जोड़ने में लगी है। मोबाइल बंद होने के कारण उसकी लोकेशन नहीं मिल पा रही है। अंतिम लोकेशन पर भी पुलिस जाँच करने में जुटी है। दुर्गूकोंदल में इस तरह की हत्या करने का यह पहला मामला है, जिसके चलते सभी वर्गो में आक्रोश बना हुआ है। लोगों के मध्य यहीं चर्चा है कि हत्यारे ने योजना बनाकर हत्या किया है, क्योकि मृतिका की एक्टिवा दूसरी दिशा में घटनास्थल से 15 किमी. दूर मिली है। दुर्गूकोंदल थाना प्रभारी प्रहलाद यादव ने बताया कि जाँच में मृतिका की एक्टिवा नरेटीटोला में मिली है और उसके मोबाइल की तलाश किया जा रहा है। मोबाईल का अंतिम लोकेशन जहाँ मिला है, उस ईलाके में भी ▸▸| शेष पेज 10 पर

---

# हिन्दू, देश और सेना के लिए अभद्र टिप्पणी पोस्ट करने वाले युवक पर बिफरे लोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

- सनातन समाज ने दर्ज कराई रिपोर्ट

तहसील मुख्यालय भानुप्रतापपुर सीमा से लगे ग्राम संबलपुर में एक युवक द्वारा सोशल मीडिया में पाकिस्तान समर्थित तथा प्रधानमंत्री, नौसेना, हिन्दू समाज के विरूद्ध पोस्ट करने पर सनातन समाज ने रिपोर्ट दर्ज कर देशद्रोह की कार्रवाई करने की माँग करते हुए ज्ञापन सौंपा है। युवक का जुलूस निकालने की माँग को लेकर तीन घंटा से ज्यादा समय तक सनातन समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने थाना के सामने चक्काजाम कर दिया था। एसडीओपी का कहना था कि नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। सनातन समाज के अध्यक्ष गौरव चोपड़ा ने बताया कि सुहेल खान निवासी ग्राम संबलपुर थाना व तहसील भानुप्रतापपुर द्वारा सोशल मीडिया फेसबुक में पाकिस्तान के समर्थन में तथा प्रधानमंत्री, नौसेना, हिन्दू समाज ▸▸| शेष पेज 10 पर



### थाने के सामने किया चक्काजाम

ज्ञापन सौंपने के कुछ देर बाद ही थाना प्रभारी द्वारा र्रवाई प्रारम्भ करते हुए युवक को पुलिस थाना लाया गया। इस खबर के फैलते ही भानुप्रतापपुर की जनता आक्रोश में आकर पुलिस थाने के सामने एकत्रित होने लगी और पाकिस्तान समर्थित तथा प्रधानमंत्री, नौसेना, हिन्दू समाज के विरूद्ध पोस्ट करने वाले मुस्लिम युवक का पूरे शहर में जुलूस निकलने के लिए थाने के सामने ही रोड में बैठकर कांकेर भानुप्रतापपुर मुख्य मार्ग में चक्कजाम प्रारम्भ कर दिया गया। दो से तीन घंटे तक चले चक्कजाम पर आम जनता को थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख और एसडीओपी शेरबहादुर सिंह द्वारा बड़े मान मौनव्वल करने के बाद गैरजमानती धारा का आश्वासन देने पर भीड़ ने चक्काजाम को समाप्त किया।

---

# हायर सेकंडरी स्कूल भवन निर्माण कार्य का विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

जिले के बरदेभाटा कोदाभाट ग्राम में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन समारोह क्षेत्रीय विधायक आशाराम नेताम द्वारा विधिवत रूप से किया गया। इस महत्वपूर्ण परियोजना की लागत 121.16 करोड़ है। जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि चुनाव के दौरान ग्रामीणों ने हायर सेकेंडरी स्कूल भवन की मांग प्रमुखता से उठाई थी। चुनाव के एक वर्ष पश्चात इस मांग को साकार करने की दिशा में ठोस पहल करते हुए आज भूमि पूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह भवन क्षेत्र के शैक्षिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी एवं स्कूल स्टाफ की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। उन्होंने भावी विद्यालय भवन की संरचना एवं योजनाओं की जानकारी साझा की और इस पहल का खुले दिल से स्वागत किया। यह निर्माण कार्य न केवल शिक्षा क्षेत्र में विकास को गति देगा, बल्कि इससे स्थानीय रोजगार, सामाजिक समरसता एवं आर्थिक प्रगति को भी बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीणजन एवं जनप्रतिनिधियों ने सरकार की इस पहल के प्रति आभार जताया।



इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, जनपद सदस्य हिमेश्वरी साहू, कोदाभाट सरपंच राजू नेताम, नीलू तिवारी, संताराम कुंजाम, ईश्वर लाल नाग सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

---

# दुर्घटना में बाइक चालक की मौत बोलेरो के ड्राइवर पर मामला दर्ज




**कांकेर।** नंदनमारा से कोड़ेजुंगा के बीच मेन रोड बाईपास रोड में चारपहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत होने पर पुलिस ने जांच में लिया था। विवेचना में आरोपी की पहचान होने पर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

विवेचना में पाया गया कि 2 मई की रात करीबन साढ़े 10 बजे मृतक रामनरेश साहू अपने मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीसी 3605 से अपने घर सुभिया मुड़पार जा रहा था। नंदनमारा से कोड़ेजुंगा के बीच मेन रोड बाई पास के पास पहुंचा था। उसी दौरान माकड़ी की ओर से आ रही सफेद रंग की बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 08 एडी 6645 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से रामनरेश साहू की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 08 एडी 6645 के चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1), बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

---

**राज्य स्तरीय समारोह में हितग्राहियों को सामग्री वितरित की**

# धरती आबा अभियान से आदिवासियों का होगा विकास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

भारत सरकार के द्वारा जनजातियों के विकास एवं उत्थान के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से आदिवासियों को विकास से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि धरती आबा के तहत शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने चिन्हांकित गांवों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में लगातार अभियान चलाकर शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहा हैं। जिले के सभी विभाग मिलकर धरती आबा के तहत आने वाले गांव में शत प्रतिशत योजना ओं का लाभ दिलाने का प्रयास जारी है। आदिवासियों के आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा नियोजन की चिंता सरकार कर रही है, लेकिन इसके लिए उन्हें जागरूक होकर आगे आना होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी और नगरपालिका अध्यक्ष अरूण



कौशिक ने भी अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए इसका लाभ लेने का अनुरोध किया। इसके अलावा शिविर में में विभिन्न विभागों द्वारा कैम्प लगाकर आधार कार्ड, जनधन बैंक खाता, आयुष्मान भारत कार्ड, सिकलसेल बीमारी की जांच, जाति प्रमाण पत्र, राशन ▸▸| शेष पेज 10 पर



### प्रदेश में सबसे ज्यादा जिले कांकेर से जुड़े

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि धरती आबा अभियान के तहत पूरे राज्य में सबसे ज्यादा कांकेर जिले के गांवों को शामिल किया गया है। इसके अंतर्गत 13 मंत्रालयों में संचालित योजनाओं का अभिसरण किया गया है। ग्रामीणों को इस महत्वाकांक्षी अभियान का लाभ लेने का आव्हान किया। आदिवासी विकास विभाग के अपर संचालक संजय गौड़ ने धरती आबा अभियान के तहत संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। शिविर में विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत ग्रामीणों को सामग्री एवं एफआरए पट्टे वितरित किए गए।

### हितग्राहियों को वितरित की गई सामग्री

नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम दबेना, भैंसमुंडी, गंवरसिल्ली और कुरालठेमली की ग्रामसभा को आयागुड़ी एवं देवगुड़ी निर्माण के लिए सामुदायिक वन अधिकार मान्यता पत्र,पांच मत्स्य कृषक मुन्नालाल, पूरन सिंह, ज्ञान नेताम और नरेन्द्र कुमार को जाल के लिए 10-10 लाख रूपएं के चेक, रमलू नेताम को आइस बॉक्स के लिए 6 हजार का चेक अतिथियों के द्वारा दिया गया। कृषि विभाग की ओर से सिदेसर, टूराखार और भीरावाही के सात किसानों को 90 प्रतिशत के अनुदान पर रागी उत्पादन के लिए मिनी किट बांटे गए। उद्यानिकी विभाग की ओर से ग्राम माटवाड़ा मोदी, ठेलकाबोड़ और भीरावाही के ग्रामीणों को निःशुल्क पौधे वितरित किया गया।


## रूबीस एजुकेशन का NEET-JEE में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में संस्था की अयाती बिजुरिया ने XII - CBSE में 98.2% प्राप्त कर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, सिमोन बगारिया ने XII में 96.8% तथा NEET 2025 में 602 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में तीसरा तथा ऑल इंडिया रैंक 1239 प्राप्त किया। JEE में सफल हुए विशाल, पुष्पांजली और 11 अन्य के साथ साथ, नीट 2025 में नमन, भूमि साहू, मीनाक्षी ध्रुव, आस्था, वीणा साहू सहित 27 विद्यार्थी चयनित हो चुके है। सलीम सर के फिजिक्स अध्यापन से सैंकडो विद्यार्थी लाभन्वित हो चुके है। अब हमारी टीम में डॉ. रवि देशमुख (बॉयोलॉजी) तथा रोहित निरंजन (केमिस्ट्री) भी अध्यापन करा रहे है। **छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ अध्यापन टीम।**

**ड्रॉपर बैचस हिन्दी व अंग्रेजी मीडियम में प्रवेश प्रारंभ है।**

**Shop-254, Sector-10, Zonal Mkt, Sec-10, Bhilai, C.G**
**Mob. : 9425565777, 9039800929**

## खबर संक्षेप

### शहीद स्मारक में तोड़फोड़ कांग्रेस ज्ञापन देगी आज

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर लालबाग में स्थित झीरम घाटी शहीद स्मारक में शहीदों की प्रतिमा के साथ आसामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़फोड़ कर शहीदों का अपमान करने व रखरखाव के अभाव को लेकर 20 जून को 12 बजे नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा जायेगा। अध्यक्ष सुशील मौर्य ने समस्त कांग्रेसियों से उपस्थित होने को कहा है।

### श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के पदाधिकारी लेंगे शपथ 22 को

**केशकाल!** प्रदेश के सबसे बड़े धार्मिक,आध्यात्मिक सगठन श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के नवमनोनित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह एवं प्रतिष्ठान की वेबसाइट का शुभारंभ 22 जून को प्रातः 11बजे से गुंडरदेही स्थित शारदा वाटिका में किया जाएगा। समारोह में अतिथि संत श्री उमेशानंद गिरी,प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय संत सुरक्षा परिषद छत्तीसगढ़ मंडल महंत, राजिम, संत वीरेंद्र महाराज, कामधेनु मंदिर भेंडी बालोद, मोहन मंडावी संरक्षक तुलसी मानस प्रतिष्ठान एवं पूर्व सांसद कांकेर, नंद गुप्ता समाजसेवी रायपुर, तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद, प्रमोद जैन अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही, अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख करेंगे। समारोह के सफल आयोजन के लिए रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख की उपस्थिति में बैठक हुई। जिसमें महामंत्री राजेंद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष छगन यदु,प्रदेश प्रवक्ता सीता राम साहू श्याम, प्रमोद जैन, लिलार सिन्हा,बलराम साहू, त्रिभुवन साहू,छबीलाल सार्वा,सुरेश देशमुख शामिल हुए। जिलाध्यक्ष लीलर सिन्हा द्वारा बालोद जिला के तहसील अध्यक्षों को आयोजन से संबंधित दायित्व सौंपा गया है।उक्ताशय की जानकारी देते हुए प्रदेश महासचिव राजेंद्र ठाकुर व प्रदेश मीडिया प्रभारी लोकेश गायकवाड़ ने बताया, बैठक मे प्रदेश की सभी तहसील, जिला व राज्य के पदाधिकारी व सभी मानस मडलियों को आमंत्रित किया गया है।

### शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में होगा ईकेवायसी 30 तक

**कोण्डागांव।** एक राष्ट्र, एक राशनकार्ड योजनांतर्गत राज्य के सभी हितग्राहियों का ईकेवायसी ई-पॉस उपकरण के जरिए किया जा रहा है। कोण्डागाव जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत एक लाख 57 हजार 602 राशनकार्ड प्रचलित है। जिसमें 5 लाख 90 हजार 537 सदस्य पंजीकृत हैं, जिनमें 5 लाख 25 हजार 385 सदस्यों का ई-केवाईसी पूर्ण किया जा चुका है। वहीं 65 हजार 152 सदस्यों का ई-केवाईसी कार्य शेष है। भारत सरकार द्वारा निर्धारित 05 वर्ष से कम उम्र के सदस्यों को ई-केवाईसी में छूट दिया गया है। हितग्राहियों की सुविधा के लिए उचित मूल्य दुकानों में संचालित ई-पॉस मशीनों से ई-केवाईसी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अतिरिक्त हितग्राही 'मेरा ई-केवाईसी' एप के माध्यम से भी स्वयं ई-केवाईसी एप एंड्रॉयड मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर राज्य का चयन कर आधार नम्बर डालकर एवं ओटीपी के माध्यम से फेस ई-केवाईसी कर सकते हैं। सभी पंजीकृत हितगग्राहियों से 30 जून तक अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी पूर्ण कराने को कहा गया है।

# कोनगुड़ में उरंदाबेड़ा पुलिस का चलित थाना नशामुक्ति और जनजागरूकता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के सरहदी ग्राम पंचायत कोनगुड़ में 19 जून को उरंदाबेड़ा पुलिस द्वारा साप्ताहिक बाजार के दौरान चलित थाना का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल के निर्देशन और एसडीओपी श्री अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। थाना प्रभारी अखिलेश धीवर ने ग्रामीणों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा सिर्फ शरीर को ही नहीं, परिवार और समाज को भी नुकसान पहुंचाता है। नशा छोड़ने और अपने परिवार को सुरक्षित रखने की अपील की गई। चलित थाना के दौरान थाना प्रभारी ने सड़क दुर्घटनाओं में हेलमेट के महत्व को बताया और सभी से आग्रह किया कि दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। ग्रामीणों को सायबर अपराधों से बचने के उपाय बताए गए। किसी भी सायबर फ्रॉड की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने की सलाह दी गई। एटीएम धोखाधड़ी, फर्जी बैंक कॉल की शिकायत भी इसी नंबर पर की जा सकती है। पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह निषेध, अभिव्यक्ति ऐप, एवं महिला अत्याचार से संबंधित कानूनी अधिकारों पर भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

## थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को किया जागरूक, कानून और सुरक्षा से जुड़ी दी महत्वपूर्ण जानकारियां



### बाहरी व्यक्ति की सूचना अनिवार्य रूप से देने की हिदायत

पुलिस ने ग्रामीणों से कहा कि गांव में यदि कोई बाहरी व्यक्ति आकर निवास करता है तो उसकी जानकारी तुरंत थाना को देने की हिदायत दी गई। इससे संभावित आपराधिक घटनाओं की रोकथाम में मदद मिलेगी। जागरूकता अभियान में ग्राम कोनगुड़ के अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे और पुलिस के प्रयासों की सराहना की। पुलिस ने सभी को आश्वासन दिया कि वे किसी भी प्रकार की आपराधिक जानकारी सीधे थाना या मोबाइल नंबर के माध्यम से साझा कर सकते हैं।

## बैठक : कलेक्टर ने बेहतर प्रदर्शन के लिए दिए सख्त निर्देश

# एकलव्य विद्यालय बोर्ड परीक्षा में कमजोर परिणाम पर प्राचार्यों का वेतन रोका गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ आगामी आदेश तक वेतन रोकने का कहा

जिले के आदर्श एकलव्य विद्यालय गोलावंड में आज कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने पांचों एकलव्य विद्यालयों चिचाडी, शामपुर, गोलावंड, कोरगांव और बेड़मा के प्राचार्यों के साथ शैक्षणिक सत्र 2024-25 के बोर्ड परीक्षा परिणामों की समीक्षा की। बैठक के दौरान कलेक्टर ने विगत सत्र में अपेक्षित परीक्षा परिणाम न आने पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पर्याप्त संख्या में शिक्षक होने के बावजूद कमजोर प्रदर्शन चिंताजनक है। प्राचार्यों से विद्यार्थियों के कमजोर प्रदर्शन के कारणों की विस्तृत जानकारी मांगी। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्री तिवारी को सभी प्राचार्यों और शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई करने। अग्रिम आदेश तक उनका वेतन भुगतान रोकने के निर्देश दिए। साथ ही, सभी प्राचार्यों को अपने अधीनस्थ शिक्षकों की जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।



**बेहतर प्रदर्शन के लिए बनाएं कार्ययोजना:** कलेक्टर ने सभी प्राचार्यों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए पांच दिनों के भीतर एक विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस सत्र से प्रत्येक सप्ताह साप्ताहिक टेस्ट आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक माह सभी विद्यार्थियों की समग्र विषयगत प्रगति रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत की जाएगी। टेस्ट प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए, सभी विषयों के लिए अलग-अलग टेस्ट कॉपियाँ तैयार करने का निर्देश दिया गया। जिससे विद्यार्थियों को तैयारी में सुविधा हो और शिक्षकों को मूल्यांकन में स्पष्टता मिले। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सभी प्राचार्यों को नवाचारी शिक्षण पद्धतियाँ अपनाने का निर्देश दिया, ताकि बच्चों की समझ और रुचि दोनों में वृद्धि हो सके। कलेक्टर ने बताया कि इस सत्र में आयोजित होने वाली शिक्षक-पालक बैठकों में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति होगी, जहां प्रत्येक बच्चे की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, समाज कल्याण विभाग के श्रीमती ललिता लकड़ा, स्वास्थय विभाग के डा. आर के सिंह, श्रीमती भावना मल्हार, मर्दापाल तहसीलदार विजय सिंह उपस्थित रहे।

# खेल-खेल में 4 बच्चों ने रतनजोत खाया अस्पताल में बची जान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

बीती रात नेलवाड़ गाँव से एक गंभीर घटना सामने आई जहाँ एक ही परिवार के चार छोटे बच्चों ने खेल-खेल में रतनजोत का विषैला फल खा लिया। इनमें तीन सात वर्षीय बालक एवं एक चार वर्षीय बालिका शामिल हैं। सभी बच्चों को अर्ध-बेहोशी की स्थिति में जिला अस्पताल नारायणपुर लाया गया।

इस आपातकालीन स्थिति से तत्काल निपटते हुए जिला अस्पताल के आपातकालीन डॉक्टर डॉ. हिमांशु सिन्हा ने नर्सिंग स्टाफ राजबती करंगा और रूबी कुलदीप, ड्रेसर दिनेश, वार्ड बॉय रूपेन्द्र और नमिश के साथ मिलकर त्वरित कार्रवाई की। बच्चों को आवश्यक प्रक्रिया एवं आपातकालीन दवाओं के माध्यम से लगभग दो घंटे के अथक प्रयास के बाद स्थिर किया गया। चिकित्सा टीम की तत्परता और समर्पण से चारों बच्चों की जान बच सकी।

### बच्चों का रखें निगरानी

स्वास्थ्य विभाग ने इस घटना के बाद अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों पर खेलते समय निगरानी रखें। उन्हें अज्ञात या जंगली फलों के सेवन से रोकें, विशेष रूप से रतनजोत जैसे विषैले पौधों से।

# कोंडागांव को मिली डीआईईटी की ऐतिहासिक सौगात, वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कोंडागांव और सुकमा जिले को अब मिला जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान। यह सौगात न केवल शिक्षा प्रणाली को सशक्त बनाएगी बल्कि क्षेत्रीय विकास में भी अहम भूमिका निभाएगी। कोंडागांव विधायक और बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी के निरंतर प्रयासों से यह उपलब्धि संभव हो पाई। उन्होंने लंबे समय तक इस मुद्दे को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया। कोंडागांव में पहले से एक बीआइटीई ब्लॉक शिक्षक शिक्षा संस्थान का भवन था, लेकिन डीआइईटी के रूप में उन्नयन नहीं हो सका था। अब शिक्षा विभाग ने इसकी मंजूरी देकर सपना साकार कर दिया है। कोंडागांव आदिवासी बहुल जिला है। डीआइईटी की स्थापना से स्थानीय शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे बच्चों को समावेशी और नवाचार-युक्त शिक्षा मिल सकेगी। डीआइईटी की स्थापना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है। यह संस्थान बच्चों की व्यक्तिगत विभिन्नताओं को ध्यान में रखकर समग्र विकास की ओर मार्ग प्रशस्त करेगा। विधायक लता उसेंडी ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने बस्तर की शिक्षा को नई दिशा देने का कार्य किया है। हम क्षेत्र की जनता और शिक्षकों की ओर से उनका आभार व्यक्त करते हैं।

### जनहित में लिया गया निर्णय

यह निर्णय स्पष्ट करता है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी की सरकार शिक्षा के प्रति कितनी प्रतिबद्ध है और बस्तर के भविष्य को लेकर कितनी संवेदनशील। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, समाज कल्याण विभाग के श्रीमती ललिता लकड़ा, स्वास्थय विभाग के डा. आर के सिंह, श्रीमती भावना मल्हार, मर्दापाल तहसीलदार विजय सिंह उपस्थित रहे।

# नए सत्र के पहले रसोइयों को खाद्य सुरक्षा के लिए दिया गया प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के माध्यम से राज्य में शासकीय स्कूलों में खाना बनाने एवं परोसने वाले रसोइयों का प्रशिक्षण कराया जा रहा है। शहर में बुधवार को फोस्टेक प्रशिक्षण कार्यकम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के समस्त स्कूलों में संचालित मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में संलग्न रसोइया शामिल हुए। कोण्डागांव, फरसगांव और माकड़ी विकासखण्ड के रसोइयों का प्रशिक्षण कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष में हुआ। केशकाल व बड़े राजपुर विकासखण्ड के रसोइयों का प्रशिक्षण बीआरसी भवन केशकाल में कराया गया। जिसमें कुल 203 रसोइयों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण एफएसएसएआई के अधिकृत ट्रेनिंग पार्टनर द्वारा दिया गया।

### हाथों की साफ सफाई, फूड पॉयजनिंग के बारे में दी जानकारी

ज्ञात हो कि शालाओं में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित हो और नए सत्र में शाला संचालन के पूर्व ही एफएसएस एक्ट के अनुसार रसोई की साफ सफाई व व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। ताकि खाद्य सामाग्रियों को दूषित करने वाले किसी प्रकार के खतरे से बचा जा सके। प्रशिक्षक द्वारा रसोइयों का खाद्य अनुज्ञप्ति व पंजीयन बनवाने खाद्य सामाग्रियों की साफ सफाई, पीने के पानी का रखरखाव, भोजन को दूषित करने वाले भौतिक, जैविक व रसायानिक खतरे भोजन पकाने के पूर्व हाथों की साफ सफाई, फूड पॉयजनिंग आदि के बारे में जानकारी दी गई।

# किशोर न्याय बोर्ड व वन स्टॉप सेंटर का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिव प्रकाश त्रिपाठी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री गायत्री साय ने आज नारायणपुर स्थित किशोर न्याय बोर्ड एवं सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सखी वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिलाओं को दी जा रही चिकित्सा, कानूनी, मनोसामाजिक और सुरक्षा सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने सेंटर में रह रही महिलाओं की स्थिति का अवलोकन करते हुए उन्हें प्राप्त सहायता की वास्तविकता को परखा। किशोर न्याय बोर्ड नारायणपुर का निरीक्षण करते हुए सुश्री गायत्री साय ने बोर्ड की कार्यप्रणाली, मामलों की सुनवाई प्रक्रिया, दस्तावेजों के रख-रखाव और बालकों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं बोर्ड सदस्यों के साथ संवाद कर मामलों के शीघ्र और संवेदनशील निपटारे पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान यह भी देखा गया कि क्या किशोरों के पुनर्वास एवं समाज में पुनः एकीकरण के लिए बाल कल्याण के सिद्धांतों के अनुरूप प्रयास किए जा रहे हैं। निरीक्षण के समय संबंधित विभागों के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। यह पहल महिला एवं बाल संरक्षण के क्षेत्र में न्यायिक सक्रियता और संवेदनशीलता का परिचायक मानी जा रही है।

# दंतेश्वरी कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ, 25 जुलाई तक विद्यार्थी प्रवेश ले सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शासकीय दंतेश्वरी पी.जी. महाविद्यालय जगदलपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। 16 जून से 25 जुलाई तक 4 चरण में विद्यार्थी प्रवेश ले सकेंगे। प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे ने जानकारी दी कि यह महाविद्यालय बस्तर संभाग का एकमात्र महिला स्नातकोत्तर संस्थान है । जहां मानवशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, गृहविज्ञान एवं प्राचीन भारतीय इतिहास विषयों में मास्टर डिग्री साथ ही अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, गृहविज्ञान, हिंदी साहित्य, मानवविज्ञान एवं प्राचीन भारतीय इतिहास में बी.ए. की डिग्री प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त वाणिज्य वर्ग में बी.कॉम एवं गणित विषय के साथ जीवविज्ञान संकाय में बी.एससी. की डिग्री संचालित है। शैक्षणिक के साथ-साथ महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु एनएसएस, खेल गतिविधियाँ, रेडक्रॉस, राष्ट्रीय सेवा योजना जैसी सहपाठ्येतर गतिविधियाँ भी संचालित की जाती है। साथ ही एनईपी 2020 के अनुसार विषय आधारित कौशल विकास पर विशेष बल दिया जा रहा है। छात्राओं के रोजगार से संबंधित मार्गदर्शन, व्याख्यान, प्रतियोगिताएं एवं विशेष कक्षाओं का संचालन हेतु करियर गाइडेंस प्रकोष्ठ की सुविधा उपलब्ध है।

## पुलिस से कांग्रेसियों की हुई झूमाझटकी

# युक्तियुक्तकरण का विरोध, कांग्रेस ने निकाली शिक्षा न्याय यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर



भाजपा सरकार ने युक्तियुक्तकरण के विरोध मे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं जिला, ब्लॉक, शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान मे जिला शिक्षा विभाग का घेराव करने निकले, किन्तु जिला प्रशासन ने 2 किलोमीटर पहले ही हाई स्कूल के पास तगड़ा बेरीकेड लगा कर पुलिस फ़ोर्स को तैनात कर दी थी। सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता राजीव भवन से निकलते ही भाजपा सरकार के खिलाफ युक्तियुक्तकरण वापस लो, बेरोजगार के साथ धोखा करना बंद करो, बेरोजगारो को रोजगार देना होगा जैसे नारे लगाने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, भाजपा सरकार होश मे आ के काम करो, भाजपा सरकार मुर्दाबाद, जैसे नारेबाज़ी करते हुए निकले थे, हाई स्कूल पहुंचते ही पुलिस फ़ोर्स कांग्रेसियो को रोकने का प्रयास करती रही किन्तु कांग्रेस कार्यकर्त्ता और पुलिस के बीच हल्का झूमा झटकी हुआ फिर सभी कोंग्रेसी सड़क पर ही बैठ कर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। इस बीच प्रदेश कांग्रेस महासचिव रजनू नेताम, जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिसेल नाग, ने तहसीलदार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। पीसीसी महासचिव रजनू नेताम ने कहा की भाजपा की साय सरकार सडयंत्र पूर्वक युक्तियुक्तकारण कर शिक्षको को परेशान कर रही है। 30,000 शिक्षक भर्ती का वादा कर सत्ता मे आयी थी, इससे बचने के लिए ये पैतरा अपना कर शिक्षा का स्तर ख़राब कर रही है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन ने कहा की यूपीए सरकार मे शिक्षा का अधिकार योजना से कांग्रेस ने गाँव गाँव मे स्कूल खोला था, लेकिन जब भी भाजपा का सरकार बनता है स्कूल को बंद करने का काम करती है और दारू दुकान खोलने का काम करती है।

### ये हुए शामिल

कार्यक्रम मे पीसीसी सचिव देवनाथ उसेंडी, शहर अध्यक्ष, रघु मानिकपुर, शेख तौहीद अहमद महासचिव जिला कांग्रेस सचिव संजय राय, संतोष राव, वेदबती पात्र महासचिव प्रदेश महिला कांग्रेस रशीला कश्यप अध्यक्ष महिला कांग्रेस पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता मांझी बोधन देवांगन अध्यक्ष यूथ कांग्रेस विजय सलाम अध्यक्ष एनएसयूआई प्रमोद नैलवाल पूर्व उपाध्यक्ष नपा. नारायणपुर पंडी राम वड्डे पूर्व अध्यक्ष जनपद नारायणपुर गजा पटेल पूर्व एल्डरमैन जिला महासचिव रामसू एन एस यू आई एवं अन्य सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### खाद्य विभाग ने...

विक्रय करने का उक्त कृत्य मोटर स्पिरिट और उच्चवेग डीजल (प्रदाय तथा वितरण का विनियमन और अनाचार निवारण) आदेश 2005 की कंडिका 2 (द), 3 (1) एवं 7 का स्पष्ट उल्लंघन है, जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध है।

### सेवा सुशासन...

दशरथ यादव, ललित साहू, गुलसन परिहार, दिनेश नायक, मारन पोया, सुखीराम दर्रो, ईश्वर यदु मीडिया प्रभारी एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हत्यारे को गिरफ्तार...

पुलिस हत्यारे को गिरफ्तार नहीं किया। मितानिन कार्यक्रम के सभी मितानिन, प्रेरक, ब्लाक समन्वयक 20 जून को रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपेंगे। इसके साथ ही हत्याकांड के आरोपी गिरफ्तारी होने तक अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन ब्लाक मुख्यालय में करेंगे।

### मितानिन प्रेरक...

पुलिस की एक टीम जाँच करने में जुटी है। जाँच के विंदुओ को अभी खुलासा नहीं किया जा सकता है, खुलासा करने से आरोपी को भागने का मौका मिल सकता है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### धरती आबा अभियान...

कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड आदि की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, एसडीएम कांकेर अरूण वर्मा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जया मनु सहित विभिन्न वार्डों के पार्षदगण और हितग्राही एवं नागरिकगण उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### प्रवेशोत्सव में सरपंच ने बांटे पुस्तक, स्कूल ड्रेस



**लोहण्डीगुड़ा।** ग्राम पंचायत गढ़िया के परियागुड़ा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। सरपंच भरत कश्यप ने प्राइमरी व मिडिल स्कूल के प्रवेश उत्सव में शामिल होकर नव प्रवेशी बच्चों को स्कूल ड्रेस, पुस्तक वितरण व तिलक लगाकर स्वागत किया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं, अभिभावकगण एवं शिक्षिका रमनी मौर्य, सतो सेठिया, छिपरा किरण, कृति खपांर्डे, उपसरपंच संतू कश्यप, सुदरू सेठिया, निरंजन बघेल व स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

### योग दिवस पर अतिथि होंगी विधायक लता उसेंडी

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इस वर्ष एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर बड़े उत्साह से मनाया जाएगा। जिला स्तरीय आयोजन एजुकेशन सिटी स्थित नवोदय विद्यालय परिसर में होगा, जिसमें मुख्य अतिथि लता उसेण्डी, विधायक कोण्डागांव, और कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे विक्रम शाह मण्डावी, विधायक बीजापुर। कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विभिन्न विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। योग दिवस की सभी गतिविधियाँ योग पोर्टल पर अपलोड की जाएंगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग को जन-जन तक पहुँचाना, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, प्राकृतिक वातावरण में योगाभ्यास को बढ़ावा देना है। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन से अनुरोध है कि वे पोर्टल पर पंजीयन अवश्य करें और योग दिवस में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# भारतीय किसान संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार को सौपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



भारतीय किसान संघ छग प्रदेश जिला बस्तर के तत्वाधान में बस्तर जिले के बस्तर, बकावंड, लोहण्डीगुड़ा व तोकापाल में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया। प्रदेश संगठन के निर्देश अनुसार बस्तर व बकावंड में जिला अध्यक्ष निलकुमार बघेल के नेतृत्व में ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सहकारी समितियां में खाद की उपलब्धता न के बराबर है। इस कारण किसान खाद न मिलने से परेशान है। वहीं बहुत से निजी कृषि केंद्रों में खाद अधिक दामों पर विक्रय की जा रही है। कई स्थान पर निजी कंपनियों द्वारा खराब गुणवत्ता की खाद किसानों को बेचे जाने की भी शिकायत मिली है। यह स्थिति प्रशासन संबंधित अधिकारियों की उदासीनता और दुकानदारों से मिली भगत की और संकेत करती है। मांग की गई है कि सभी सरकारी समितियां में खाद की निर्बाध और भरपूर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए एवं अधिक दाम पर खराब गुणवत्ता की खाद बेचने वालों पर कठोरता कार्रवाई की जाने की मांग की गई है एवं धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि का लाभ किसानों को मिले। पिछली सरकार की धान की बकाया चौथी किस्त की राशि भुगतान करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा गया। इस दौरान कोषाध्यक्ष नंदकिशोर पाण्डेय तहसील अध्यक्ष श्याम सुन्दर बघेल, मंत्री फाल्गुनी पटेल व किसान संगठन भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश जिला बस्तर के तत्वाधान में बस्तर जिले के बस्तर, बकावंड, लोहण्डीगुड़ा, तोकापाल में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया। प्रदेश संगठन के निर्देश अनुसार बस्तर व बकावंड में जिला अध्यक्ष निलकुमार बघेल के नेतृत्व में ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सहकारी समितियां में खाद की उपलब्धता न के बराबर है। इस कारण किसान खाद न मिलने से परेशान है। वहीं बहुत से निजी कृषि केंद्रों में खाद अधिक दामों पर विक्रय कि जा रही है। कई स्थान पर निजी कंपनियों द्वारा खराब गुणवत्ता की खाद किसानों को बेचे जाने की भी शिकायत मिली है। यह स्थिति प्रशासन संबंधित अधिकारियों की उदासीनता और दुकानदारों से मिली भगत की और संकेत करती है। धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि का लाभ किसानों को मिले पिछली सरकार की धान की बकाया चौथी किस्त की राशि भुगतान करने साल हो कोषाध्यक्ष नंदकिशोर पाण्डेय, तहसील अध्यक्ष श्याम सुन्दर बघेल, मंत्री फाल्गुनी पटेल व पर्यावरण प्रमुख रमेश कुमार ठाकुर, तहसील अध्यक्ष चुन्नू ठाकुर, तहसील मंत्री सुलधर मौर्य व तहसील कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। जगदलपुर, नानगुर, करपावंड, बास्तानार, दरभा और भानपुरी में 22 जून को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### संलग्न स्वास्थ्य कर्मचारियों को मूल संस्था पर वापस भेजे जाने के दिए निर्देश

# विधायक ने जनचौपाल लगाकर सुनी जनता की समस्याएं, कई मुद्दों का तत्काल किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा



धनपुर ग्राम पंचायत अंतर्गत संचालित उप स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ की भारी कमी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को अब राहत मिलने की उम्मीद है। वर्तमान में इस उप स्वास्थ्य केंद्र में कुल तीन स्वास्थ्यकर्मी पदस्थ थे, जिनमें से सीएचओ एवं एक सेकेंड

■ किसानों के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी

एएनएम अन्य स्थानों पर संलग्न हैं। लगभग 3883 की आबादी वाले इस क्षेत्र में केवल एक सेकेंड एएनएम ही सेवा दे रही हैं, जिससे मैलबेड़ा, मोखागांव एवं धनपुर जैसे तीन ग्रामों के लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को जब बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के समक्ष रखा गया, तो उन्होंने मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए तत्क्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाख से फोन पर चर्चा की और संलग्न स्वास्थ्य कर्मचारियों को मूल संस्था पर वापस भेजे जाने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी मुख्यालय में अनिवार्य रूप से निवास करें, ताकि ग्रामीणों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

विधायक की इस सक्रियता एवं संवेदनशीलता से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत धनपुर सहित मैलबेड़ा और मोखागांव के ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई थी, लेकिन अब जाकर पहली बार किसी जनप्रतिनिधि ने गंभीरता से इसे हल करने की दिशा में कदम उठाया है। ग्रामीणों ने बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के त्वरित हस्तक्षेप एवं संवेदनशील निर्णय की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सभी जनप्रतिनिधि इसी प्रकार जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दें, तो गांवों की मूलभूत समस्याएं शीघ्र सुलझ सकती हैं।

ग्राम धनपुर में कुल 383 राशन कार्डधारी हैं, जिनमें से 40 नए कार्डधारी हैं लेकिन विगत 2 माह से नए कार्डधारियों को चावल नहीं मिल रहा है, वहीं पूरे ग्राम में 5 माह से गुड़ का वितरण बंद है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। धनपुर में अधिकतर राशन कार्डों में नाम जोड़ने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विधायक को अवगत कराया, जिस पर विधायक ने दुकान संचालक से चर्चा कर समस्या का समाधान कर अधिक से अधिक ग्रामीणों को राहत दिलाने का आश्वासन दिया।

ग्राम पंचायत धनपुर के अधिकांश किसानों के नामांतरण एवं बटवारे के प्रकरण विगत कई वर्षों से राजस्व विभाग में लंबित पड़े हुए हैं, जिससे किसानों को भूमि संबंधित कार्यों में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों की इस गंभीर समस्या को देखते हुए बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने तत्काल संज्ञान लिया और करपावंड तहसीलदार गौतम गर्व को दूरभाष के माध्यम से निर्देशित किया कि वे लंबित मामलों का शीघ्रता से निराकरण कर किसानों को राहत प्रदान करें।

विधायक ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसानों के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्राथमिकता के आधार पर नामांतरण एवं बटवारे जैसे मामलों का समाधान करें, ताकि ग्राम पंचायत धनपुर के किसान अपने हक के लिए भटकने को मजबूर न हों उन्होंने यह भी कहा कि यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई, तो उच्च स्तर पर कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग को अवगत कराया जाएगा।

धनपुर क्षेत्र के ग्रामीणों ने पुराना पटेल पारा स्थित प्राथमिक शाला भवन की जर्जर स्थिति को लेकर बस्तर विधायक से मुलाकात की। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक वर्ष से स्कूल भवन अत्यंत खस्ताहाल है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है तथा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

इस गंभीर समस्या को सुनते ही विधायक ने त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल को फोन कर नये भवन की स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

## पुराने अपूर्ण एवं निर्माणाधीन कार्यों पर कलेक्टर की पैनी नजर



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज कारली में निर्माणाधीन स्वागत द्वार का निरीक्षण किया। इस निर्माण कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने एक माह के भीतर कार्य को पूर्ण करने को कहा और साथ ही संबंधित कांट्रेक्टर को नोटिस जारी करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर द्वारा भूमगादी जैविक कृषक उत्पादक कंपनी मर्यादित झोडियाबाड़म रीपा इकाई में संचालित विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने उसना प्लांट पैराबॉयलिंग मशीन का अवलोकन किया और ग्राम पंचायत कार्य एजेंसी को निर्देशित किया कि इस प्लांट को शीघ्र पूर्ण कर संचालित किया जाए। इसके पश्चात कलेक्टर ने वहीं स्थित राइस मिल,बीजों की ग्रेडिंग एवं विभिन्न प्रकार के चावलों का प्रसंस्करण, लाल पोहा, सफेद पोहा तथा ब्राउन पोहा मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का निरीक्षण किया। कलेक्टर द्वारा आज झोड़ियाबाड़म नदी पर निर्माणाधीन स्टाफ डैम का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डैम की वर्तमान प्रगति, गुणवत्ता तथा समय-सीमा के भीतर निर्माण पूर्ण करने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और सभी कार्य निर्धारित समयावधि में पूरे किए जाएं। इसके पश्चात उन्होने ने ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों द्वारा बनाए जा रहे आवासों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों से सीधे संवाद कर यह जानकारी ली कि उन्हें योजना की पहली और दूसरी किश्त प्राप्त हुई है या नहीं, और शेष किस्तों की स्थिति क्या है।

# लौह नगरी बचेली और किरंदुल में निर्माण कार्यों में लाएं तेजी : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



जिले में चल रहे विभिन्न निर्माणाधीन कार्यो को तय मियाद में पूर्ण करने की प्रशासनिक प्रतिबद्धता के मद्देनजर कलेक्टर कुणाल दुदावत के द्वारा जिले के विभिन्न ब्लॉकों का अनवरत निरीक्षण भ्रमण जारी है। इस क्रम में कलेक्टर द्वारा आज बचेली और किरंदुल के नगरीय क्षेत्र में नाली निर्माण कार्य एवं किरंदुल में निर्माणाधीन आस्था-2 विद्या मंदिर के निर्माण स्थल का पुनः निरीक्षण किया गया। ज्ञात हो कि लगभग एक महिने पूर्व कलेक्टर ने इन निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए थे। इस दौरान उन्होंने अद्यतन प्रगति को देखा और कार्य एजेंसियों को पुनः महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आज दंतेवाड़ा जिले के प्रमुख लौह नगरीय क्षेत्र, बचेली और किरंदुल, का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अन्य विकास कार्यों की समीक्षा, अधूरे निर्माणों की प्रगति सुनिश्चित करने के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को जाना और शीघ्र निराकृत करने हेतु आश्वस्त किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि आगामी बरसात से पहले सभी आवश्यक कार्य पूर्ण किए जाएं ताकि जनसुविधाओं में कोई बाधा न आए।

किरंदुल में चल रहे नाली निर्माण कार्यों की धीमी गति में तेजी लाते हुए कलेक्टर ने संबंधित एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर यह कार्य हर हाल में पूर्ण हो। उन्होंने अधिकारियों को यह भी कहा कि बारिश में जलभराव की समस्या से बचने के लिए गुणवत्ता और समयबद्धता दोनों का विशेष ध्यान रखें।

किरंदुल में निर्माणाधीन आस्था-2 विद्या मंदिर के स्थल पर पहुंचकर कलेक्टर ने कार्यों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कार्य एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बारिश पूर्व सभी महत्वपूर्ण निर्माण कार्य कर लेवे। इसके लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए ताकि कार्य में किसी प्रकार की देरी न हो। इस दौरान कलेक्टर ने कांट्रेक्टरों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को भी सुना और आवश्यक समाधान का आश्वासन दिया।

इसके साथ ही कलेक्टर ने किरंदुल क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध हनुमान टेकरी का भी दौरा किया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मांग रखी कि इस स्थल को एक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने टेकरी पर व्यू पॉइंट, पेयजल व्यवस्था, आराम शेड, तथा रास्तों की मरम्मत जैसी सुविधाओं को जोड़ने का प्रस्ताव दिया, जिस पर कलेक्टर ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## कर्तव्य में अनुपस्थित संकुल समन्वयक और शिक्षक को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

16 जून से पूरे राज्य में स्कूल प्रारंभ हो चुके हैं। स्कूलों में अब बच्चे आना प्रारंभ कर दिए हैं। स्कूल खुलने के साथ ही बच्चों की एडमिशन प्रक्रिया भी प्रारंभ हो चुकी है। जिला प्रशासन के तत्वाधान में नव प्रवेशित बच्चों को मिठाई खिलाकर, माला पहनाकर, पुस्तक और गणवेश देकर शाला प्रवेशोत्सव मनाया जा रहा है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा स्कूलों के सफल संचालन के लिए सभी स्कूलों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है जो स्कूलों का निरीक्षण कर जिला प्रशासन को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इसी तारतम्य में नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी के द्वारा सोमवार को कोंटा विकासखंड के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया गया। कन्या आवासीय विद्यालय पोलमपल्ली, प्राथमिक शाला जगवाराम, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला प्राथमिक शाला पालामड़गु , प्राथमिक शाला कुम्मापारा, प्राथमिक शाला कोलाईगुडा, शासकीय हाई स्कूल पोलमपल्ली, पूर्व माध्यमिक शाला गोरगुंडा, जनपद प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला मिसमा, शासकीय हाई स्कूल पोटा केबिन केरलापाल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री मंडावी ने बताया कि सभी स्कूलों में शिक्षक तथा बच्चे उपस्थित पाए गए। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मिसमा के संकुल समन्वयक एवं कोलाईगुडा में शिक्षक अनुपस्थित थे जिनको स्पष्टीकरण जारी किया गया है। सन्तोषजनक जवाब नही मिलने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

## कलेक्टर ने वरिष्ठजनों से कुशलक्षेम पूछा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा विकासखण्ड गीदम के हारम स्थित समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नर सेवा नारायण सेवा वृद्धा आश्रम पहुंचे यहां उन्होंने रह रहे निराश्रित वरिष्ठजनों से मिलकर उनकी कुशलक्षेम और स्वास्थ्य के संबंध में आत्मीयता पूर्वक चर्चा किया। इस दौरान यहां उन्होंने वृद्धजनों को दी जा रही रहवास और खानपान संबंधित सुविधाएं की जानकारी वृद्धा आश्रम के अध्यक्ष से लिया। मौके पर पैरालिसिस ग्रस्त दो वृद्धजनों के बेहतर उपचार के लिए अन्य अस्पताल भेजने के लिए भी उन्होंने प्रशासन के माध्यम से मदद देने की बात कही। आश्रम के अध्यक्ष डीआर बघेल ने उन्हें अवगत कराया कि इस आश्रम में अभी 15 वरिष्ठजन निवास कर रहे है।

वृद्धजनों के आवाजाही हेतु वाहन संबंधी सुविधाएं आश्रम को उपलब्ध कराने के संबंध में कलेक्टर ने सहमति जताते हुए शीघ्र ही वाहन उपलब्ध कराने हेतु आश्वस्त किया। साथ ही उन्होंने जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों की टीम को वृद्धजनों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करवाने के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा सहित गीदम जनपद सीईओ बलराम ध्रुव एवं मुख्य अभियंता आरईएस राजीव विजय टंडन मौजूद रहे।

# बिंजाम और समलूर के स्कूल एवं आश्रम शालाओं का कलेक्टर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने गीदम ब्लॉक के बिंजाम और समलूर के प्राथमिक शाला एवं आश्रम शालाओं का जायजा लिया। यहां सरपंच द्वारा जर्जर आंगनबाड़ी केन्द्र के मरम्मत संबंधी मांग पर कलेक्टर ने अधिकारियों को प्रस्ताव भेजने को कहा। तत्पश्चात कलेक्टर ने बड़े सुरोखी स्थित मिलेट प्रसंस्करण केन्द्र का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मिलेट प्रसंस्करण केन्द्र में अभी तक आवश्यक निर्माण कार्य जैसे विद्युत व्यवस्था रोड निर्माण कार्य न होने पर बीज निगम के अधिकारियों के प्रति नाराजगी जताई और केन्द्र को शीघ्र ही कार्यशील करने हेतु अधिकारियों को कहा। इस क्रम में कलेक्टर ने ग्राम बड़े तुमनार स्थित अटल डिजिटल केन्द्र तथा गुमलनार के नवीन बालक आश्रम तथा प्राथमिक शाला को भी देखा। यहा कलेक्टर ने डिजिटल केन्द्र में ग्रामीणों को दी जा रही बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी लेते हुए यहां केन्द्र के रेनोवेशन किए जाने पर बल दिया। इसी प्रकार गुमलनार स्थित प्राथमिक एवं बालक आश्रम के निरीक्षण के दौरान भवन की मरम्मत करने के लिए भी आरईएस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया। अपने इस दौरे के दौरान कलेक्टर ग्रामीणों से रूबरू होते हुए उनसे उनकी समस्याओं और मांगों जैसे 3 महीने के एकमुश्त राशन प्रदाय रोड एवं आंगनबाड़ी में महिलाओं एवं बच्चों को दिए जाने वाले रेडी-टू-ईट के वितरण, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, सड़क एवं रोड के दुरुस्तीकरण के संबंध में भी ग्रामीणों से फीडबैक लिया।

## जिला चिकित्सालय में सिकल सेल जागरुकता दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



विश्व सिकल सेल जागरुकता दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय बीजापुर में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. रत्ना ठाकुर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम वरुण साहू एवं पैथोलॉजिस्ट डॉ. समिरा नंदन रेड्डी की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर सिकल सेल रोग के प्रति आमजन को जागरूक किया गया। यह एक आनुवांशिक रक्त विकार है, जो विशेषकर अनुसूचित क्षेत्रों में अधिक पाया जाता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इस रोग से पीड़ित व्यक्तियों को समुचित चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराना था। जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क स्क्रीनिंग, चिकित्सकीय परामर्श, जेनेटिक कार्ड वितरण सहित सिकल सेल से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। साथ ही, समाज कल्याण विभाग द्वारा विकलांग प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जा रहे हैं, ताकि रोगियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। इस महत्वपूर्ण पहल से सिकल सेल पीड़ितों को राहत मिलने की उम्मीद है तथा समाज में इस रोग के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

# शालाओं में युक्तियुक्तकरण से आई शिक्षा की रोशनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



मुख्यमंत्री शाला गुणवत्ता कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शासकीय शालाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाते हुए युक्तियुक्तकरण की नीति को प्रभावशाली रूप से लागू किया गया है। इस नीति के तहत शिक्षक संसाधनों के समुचित वितरण और पुनर्विन्यास से जिले की कई वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान किया गया है।

युक्तियुक्तकरण से पहले सुकमा जिले में कुल 29 प्राथमिक शालाएं एवं 2 पूर्व माध्यमिक शालाएं ऐसी थीं, जहां किसी भी शिक्षक की पदस्थापना नहीं थी। इन शालाओं के विद्यार्थियों को नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित रहना पड़ता था। ग्रामीणों की निरंतर मांग और प्रशासनिक सतर्कता के फलस्वरूप, युक्तियुक्तकरण नीति के तहत इन सभी स्कूलों में अब एक या दो शिक्षकों की स्थायी रूप से पदस्थापना कर दी गई है।

### नई शिक्षा व्यवस्था से ग्रामीणों में उत्साह

युक्तियुक्तकरण के तहत की गई इस पहल से जिले के अनेक ऐसे ग्राम लाभान्वित हुए हैं, जो लंबे समय से शिक्षा के मूलभूत अधिकार से वंचित थे। इस व्यवस्था के अंतर्गत शालाओं में शिक्षकों की पूर्ति की गई, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि नए सत्र की शुरुआत से ही छात्र-छात्राएं नियमित रूप से शिक्षकों के मार्गदर्शन में अध्ययन कर सकें।

ग्रामवासियों ने शासन और जिला प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए संतोष जताया है। अब अभिभावकों को अपने बच्चों की शिक्षा के लिए दूर के विद्यालयों की ओर नहीं देखना पड़ेगा। शिक्षक अब नवीन पदस्थापन शालाओं में पहुंचकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं और बच्चों को नियमित शिक्षा दे रहे हैं।

### शिक्षा की गुणवत्ता में होगा सुधार

शिक्षकों की पदस्थापना से जहां एक ओर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिलेगा, वहीं दूसरी ओर विद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों में भी सुधार आएगा। शासन की यह पहल स्कूल चलें हम अभियान और सर्व शिक्षा अभियान को भी मजबूती प्रदान करेगी।

## गायब बहन की तलाश करने मायूस भाई ने लगाई महिला आयोग सदस्य से गुहार

हरिभूमि न्यूज : सुकमा

विकासखण्ड छिंदगढ़ के ग्राम पतिनाईकरास के पारा कोकरतोंग की बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण छात्रा मंजुलता नाग पिछले 26 मई को घर से छात्रावास जा रही हूं कहकर निकली और आज तक अपने घर वापस नहीं पहुंची है । जिसकी रिपोर्ट छिंदगढ़ थाने में उसके परिजनों ने 11 जून को लिखाई है । छोटी बहन की चिंता में भटक रहे मंजू के बड़े भाई कैलाश नाग दंतेवाड़ा,रायपुर,गीदम,बीजापुर से पतासाजी करते करते आज छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका शोरी से गुहार लगाई। आयोग की सदस्य ने उन्हें भरोसा दिलाते हुए कहा कि जल्द से जल्द उनकी बहन उनके पास होगी इस कार्य हेतु जो भी सम्भव होगा मदद की जाएगी। कैलाश ने कहा कि 23 मई को आखरी बार मंजू हमारे माता पिता से छात्रावास जा रही हूं कहकर निकली ,उसे हमारे बड़े भाई अजय कुमार ने ब्लॉक मुख्यालय छिंदगढ़ में छोड़ दिया था,मंजू ने हमारी माता पदमा नाग को एक मोबाइल नम्बर दिया था जिसमें काल करने की बात की थी,मां ने वह नम्बर मुझे देकर बहन की खैरियत पूछने हेतु कहा परन्तु मैंने कई दफा काल किया पर वह बन्द ही बता रहा था । जिसपर घरवालों ने घबरा कर छिंदगढ़ थाना में सूचना दिया । कैलाश ने बताया कि मेरी छोटी बहन कुछ दिनों पूर्व ग्राम बोकड़ा ओडार के एक युवक से यूपी बिहार काम करने अपने दोस्तों के साथ जाकर वापस आने की बात की थी परंतु अब तक कुछ पता नहीं चल पा रहा है।

## खबर संक्षेप

### सात प्रकरणों की सुनवाई 26 को

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा बस्तर जिले में महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई आयोग की गठित न्यायपीठ अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक एवं सम्भाग प्रभारी सुश्री दीपिका सोरी एवं सह प्रभारी ओजस्वी मण्डावी द्वारा की जाएगी। सात प्रकरणों की सुनवाई 26 जून को कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रेरणा सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से होगी।

### योग दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे विधायक

**जगदलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर राज्य शासन द्वारा जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक किरण सिंह देव को नामांकित किया गया है।

### माड़ के सुदूर बड़ेपल्ली में स्वास्थ्य शिविर



**जगदलपुर।** विकास खण्ड भैरमगढ़ अंतर्गत कलेक्टर के मार्गदर्शन मे मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी बीजापुर व खण्ड चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व मे माड़ क्षेत्र मे स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर बड़ेपल्ली मे स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे कुल 100 मरीजों का ईलाज डॉ रमेश तिग्गा बीएमओ भैरमगढ़ मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक किया गया। इसके साथ ही पहाड़ क्षेत्र मे नेटवर्क क्षेत्र की पहचान कर कुल 90 हितग्राहियो का आयुष्मान कार्ड आरएचओ बलराम घरत,नीति आयोग कोऑर्डिनेटर प्रतीक्षा पटेल,एमटी बारियाभूमि मंजू लता राठौर व वाहन चालक सुरेश सोढ़ी द्वारा बनाया गया। साथ ही चिरायु टीम द्वारा 2 आंगनबाडी का विजिट किया गया। साथ ही स्क्रीनिंग का कार्य किया गया। खण्ड विस्तार प्रशिक्षक अधिकारी बीआर कुर्राम द्वारा मौसमी बीमारी से बचाव व उपचार व समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम की जानकारी दिया गया। शिविर मे समस्त आरएचओ व मैदानी कार्यताओं का विशेष सहयोग रहा।

### उपचार : रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने दी गई

# कोदापाखा में स्वर्णप्राशन संस्कार हुआ, 32 बच्चों को पिलाई दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



प्राथमिक स्वास्थ्य सह आयुष केंद्र कोडेकुर्से एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष शासकीय आयुर्वेद औषधालय कोदापाखा द्वारा आयुर्वेद कुपोषण प्रबंधन प्रयास कार्यक्रम के अंतर्गत पोषण स्वास्थ्य एवं जागरुकता कार्यक्रम के तहत कोदापाखा के आंगनबाड़ी में सेक्टर के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के कुपोषित बच्चों के लिए समेकित बाल विकास सेवा के अंतर्गत मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर रखा गया।

शिविर में 32 कुपोषित बच्चों का स्वर्ण प्रशान संस्कार अभ्यंग व लेहन कर्म कराते हुए उपचार व औषधियों का वितरण किया गया। डॉ. व्हीएस भदौरिया ने स्वर्ण प्राशन संस्कार के विषय में बताया कि स्वर्ण प्राशन संस्कार आयुर्वेद चिकित्सा की वह धरोहर है जो बच्चों की संपूर्ण वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने के लिए उपयोग की जाती है। यह एक आयुर्वेदिक प्रक्रिया है, जिसमें बच्चों को स्वर्ण भस्म को हर्बल अर्क से तैयार किए गए घी और शहद के साथ एक विशेष दवा पिलाई जाती है। जन्म से 16 वर्ष तक के बच्चों को पिलाया जाता है, जो बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है, जिसमें वें सामान्य और जटिल संक्रमणों से बेहतर ढंग से लड़ सकते हैं।

डॉ. केव्ही गोपाल ने स्वर्ण प्रसान के फायदे में बताया कि स्वर्ण प्राशन से बच्चों का संपूर्ण शारीरिक एवं मानसिक विकास में मदद करता है। बच्चों की स्मरण शक्ति बढ़ाने में अत्यंत लाभकारी है। बच्चों में होने वाली मौसमी बीमारियों से रक्षा करता है। माताओं को पोषक आहार के बारे में जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की सलाह देते हुए बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता की ओर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के सेक्टर पर्यवेक्षक सुमित्रा सलाम, कुंती नागे एवं कोदापाखा सेक्टर के सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सीमा कावड़े, सविता, जगदीश व अन्य उपस्थित रहें।

# प्रधानमंत्री की सफलतम 11 वर्ष पूर्ण होने पर जनचौपाल का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर धनेलीकन्हार मंडल के शक्ति केंद्र डोमाहर्रा के ग्राम सुरेली में जनचौपाल का आयोजन किया गया।

प्रदेश भाजपा के नेतृत्व में एवं जिला भाजपा के निर्देशन में आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम सुरेली के कावड़े भवन में पूर्व मंडल महामंत्री व कार्यक्रम प्रभारी लोकेश्वर सेन के मुख्य अतिथि में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लोकेश्वर सेन ने कहा की हम सब देश वासियों के लिए गर्व की बात है की आज हमारे देश की पहचान शसक्त व विकसित देश के रुप में हो रही है। जिस तरह से भारतीय सेना ने आपरेशन सिन्दूर चलाकर पाकिस्तान के आंतकी ठिकाने नष्ट किया, इससे अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर लोंग भारत का लोहा मानने लगे हैं। प्रधानमंत्री ने देश की जनता से जो वादा किया था उसे पूरा किया है। चाहे राम मंदिर निर्माण की बात हो, काश्मीर से धारा 370 35 ए हटाने का विषय हो या तीन तलाक़ जैसे विषयों हो। किसानों को उन्नत बनाने के लिए किसान सम्मान निधि सहित कई फसलों पर पर समर्थन मुल्य निर्धारण करने से देश के किसान समृद्ध हुआ है। स्वच्छ भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में सभी घरों में शौचालय निर्माण से आज प्रदेश के अधिकांश ग्राम खुले में शौच मुक्त हुए हैं। उन्होंने आगामी दिनों योग दिवस व मन की बात का श्रवण करने के लिए अभी से जनमानस में जागरूकता लाने का आव्हान किया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष के कृष्णा हुपेन्डी, बृजलाल जैन, सुरेश उसेंडी, राजेंद्र कावड़े, सियाराम कावड़े, अनेश कोमरा, गन्नू दर्रो, बंशीलाल कावड़े, पुनीता उसेंडी उपस्थित रहे।

# ठाकुरदाई से मन्नतें मांग किसानों ने मनाया बिजली पर्व, गायता ने बांटा धान का बीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



मानसून के नजदीक आने पर ग्राम महेंद्रपुर सटेली में गुरुवार को बिजली पर्व मनाया गया। बिजली का मतलब धान का बीज वितरण से है। महेंद्रपुर सटेली में हर साल मानसून के पूर्व अच्छे फसल की कामना के साथ ठाकुरदाई की पूजा अर्चना की जाती है। सभी किसान यहां पहुंचते हैं। ग्राम गायता दयाराम नरेटी द्वारा पूजा अर्चना के बाद समस्त किसानों को धान का बीज दिया गया।

महेंद्रपुर सटेली में किसान इस धान की बीज से अपने खेतों में बुवाई की शुरुआत करते हैं। दयाराम नरेटी ने बताया यह परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। इस बिजली पर्व में ग्राम गायता के साथ सभी किसान ठाकुरदाई के पास पहुंचे हैं और सभी मन्नतें मांगते हैं कि आने वाले धान का फसल अच्छा हो। इसके लिए किसान ठाकुरदाई में तेल-हल्दी, फूल-चावल, लाली आदि अर्पण करते हैं। इसके बाद ग्राम के गायता के हाथों सभी किसानों को पलाश के तीन पत्ते में थोड़ा-थोड़ा धान का बीज दिया जाता है। इससे किसान अपने खेतों में धान का बुवाई की शुरुआत करते है। जब धान फसल पक कर तैयार हो जाता है तब फिर से ठाकुरदाई के पास पहुंचकर गायता किसान नए फसल का अर्पण करने के बादनवाखाई मनाते हैं। इस मौके पर नाथूराम नरेटी, शन्नूराम नरेटी, शंकर नरेटी, लखन नरेटी, रमसू नरेटी, देवलाल नरेटी एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

**गुडफेल पहुंची विधायक सावित्री ग्राम में रंगमंच की किया घोषणा**

# ग्राम विकास के लिए सबको होना पड़ेगा एकजुटः मंडावी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत दमकसा के सरपंच के आभार कार्यक्रम में पहुंची विधायक सावित्री मंडावी से आसपास के ग्राम से ग्रामवासी समस्या लेकर उपस्थित हुए। आभार कार्यक्रम में विधायक सावित्री मंडावी ने कहा की चुनाव एक सतत प्रक्रिया है। हार जीत लगा रहती है पर ग्राम का विकास करना है तो सबको एक होना पड़ेगा। स्वास्थ्य और शिक्षा पर हम ग्रामीण वासियों को ध्यान देना पड़ेगा।

गुडफेड में सरपंच के आभार कार्यक्रम में विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि शिक्षा एक ग्रामिण क्षेत्र के लिए बहुत ही जरुरी है। सभी माता पिता पालकों को आग्रह किया की अपने बच्चो को अवश्य पढाए। सभा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने ग्राम में रंगमंच की घोषणा किया। जनपद अध्यक्ष गोपी बढाई ने कहा की हम सब विधायक के नेतृत्व में क्षेत्र का विकास करवाएंगे एवं हर छोटी मोटी समस्या में हम आपके साथ है। ग्राम के सरपंच व पंच मिलकर ग्राम का विकास करेंगे। कार्यक्रम में ग्रामवासियों के द्वारा गुप्त सुरंग के बारे में जानकारी दिया गया, जिस पर विधायक सुरंग तक पहुंचे और सुरंग का निरीक्षण किया। इस कार्यक्रम में भानुप्रतापपूर जनपद अध्यक्ष सुना राम तेता, जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता, हुमन मरकाम, दीनदयाल पटेल, सियाराम दर्रो, विकी यादव, ग्राम गायता उदय पुरामे, शंकर बोगा, सोमदेव कोरेटी, कुबेर दर्रो, आनंद खरे, मुकेश पुड़ो, दीनदयाल पटेल, सियाराम दर्रो, जितेन्द्र नरेटी, उदय पुरामे, बुधेन पुरामे, जंगलू राम उसेंडी, बुधराम पुरामे, पुनाराम बोगा, तुलसी राम बोगा सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जन भागीदारी मद का 2 करोड़ की खरीदी का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा जमा किया गया राशि पूर्व प्राचार्य द्वारा अनियमितता किया गया। जन भागीदारी मद का लगभग दो करोड़ का फर्जीवाडा का सूचना का अधिकार के माध्यम से प्राप्त केशबूक की प्रतिलिपि से उजागर हुआ। तत्कालीन प्राचार्या के कार्यकाल में दर्जनों सूचना का अधिकार आवेदनों के माध्यम से वित्तीय भ्रष्टाचार से सम्बंधित दस्तावेजों की मांग किया गया था। विभाग के प्रथम अपीलीय अधिकारी के आदेश राज्य सूचना आयोग के आदेश के पश्चात भी नहीं दिया गया। उक्त आरोप आरटीआई एक्टिविस्ट शांतनु कर्मकार ने लगाया है। उन्होंने आरटीआई से मांगे दस्तावेज हरिभूमि को प्रेषित कर महाविद्यालय की तत्कालीन प्राचार्य पर गम्भीर आरोप लगाया है।

प्राप्त केशबूक के अनुसार तत्कालीन प्राचार्य द्वारा सेवानिर्वृत्ति कि सायं लगभग 10 लाख का भुगतान किया गया। उसका कैश बुक में समायोजन बिना आहरण संवितरण एवं प्रभारी प्राचार्य के कर दिया गया। यह फर्जी भुगतान प्रक्रिया में उनकी बहन भी शामिल होकर पूर्ण किया गया,सभी दस्तावेजी प्रमाण है।

**आडिट रिपोर्ट महाविद्यालय प्रबंधन के पास**

आवेदक द्वारा जन सूचना अधिकार के तहत जो जानकारी मांगी गई थी, उपलब्ध करा दिया गया है,कुछ दस्तावेज गायब है, उसे महाविद्यालय प्रबंधन उपलब्ध कराने में असक्षम है। आवेदक द्वारा कुछ ऐसी जानकारी मांगी गई है,जिसे नियममानुसार उपलब्ध नही कराया जा सकता। उस रिपोर्ट को मेरे द्वारा शासन को भेज दी गई है। महाविद्यालय प्रबंधन के पास आडिट रिपोर्ट मौजूद है। आडिट कार्य का निष्पादन करने वाले लिपिक की पत्नि अस्वस्थ्य है,चेन्नई में उपचार कराकर वापस काम पर लौटने पर आवेदक आडिट रिपोर्ट अवलोकन कराया जाएगा। जहां तक तत्कालीन प्राचार्य डॉ विजय लक्ष्मी के कार्यकाल में अनियमितता हुआ कि नही यह मेरे जानकारी में नही है।

**अनिल कुमार**
प्राचार्य, शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर

# सरस्वती शिशु मंदिर में प्रतियोगिता विजयी प्रतिभागी को हुए पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- नशामुक्ति भारत अभियान के तहत आयोजन

नशामुक्ति भारत अभियान के तहत गढ़पिछवाड़ी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने उमंग उत्साह से चित्र कला और भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया और विजयी प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया। ब्रह्माकुमारीज कांकेर के तत्वाधान में संस्था की संचालिका बीके रामा दीदी ने नशा मुक्त अभियान का लक्ष्य पर प्रकाश डालते हुए सभी को नशे के सेवन से दूर रह कर परिवार व समाज के लोगों मेंजागृति लाने, नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने कि कही। विद्यालय के प्राचार्य कैलाश तारक ने कहा कि हम बेटी बचाने की बात करते हैं, पर अब, बेटा बचाने की मुहिम भी छेड़नी होगी। बच्चे और युवा नशे में ज्यादा लिप्त होते जा रहे हैं। कभी किसी बच्चे के बैग से हमें गुटखा मिल जाता है तो उसे हम अनोखे तरीके से पनिशमेंट देते हैं। उन्हें हम कहते आज आपको पूरे पौधों में पानी देना है, सारे क्लास की लाइट पंखे बंद करना है, सफाई भी करनी है।

इस अवसर पर संतोष श्रीवास्तव, जीवन लाल साहू, गौरव पटेल, शोभा गुप्ता, रोशनी सिन्हा, रामनारायण पटेल व अन्य उपस्थित रहें।

# अच्छी फसल की कामना, ठाकुर देव व प्रकृति शक्तियों की पूजा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



विकासखंड दुर्गूकोंदल आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, जिसमें लगभग सभी गांवों में आदिवासी सामुदाय के लोग निवासरत हैं और मूलनिवासी आदिवासी समाज प्रकृति पूजक माने जाते है। वे ही प्रकृति को जानकर प्रकृति से सहयोग की भावना रखते हुए उनको याद करते है। उसी परम्परा को निभाते हुए ग्राम सिवनी में प्रकृति ही शक्ति मानते हुए गाँव के ठाकुर देव सहित सभी पेन शक्तियों की पूजा अर्चना कर गाँव में बिजली बनाने की प्रक्रिया से अच्छी फसल की कामना किया।

समस्त ग्रामवासी गांव के ठाकुर देव की पूजा अर्चना में शामिल हुए। अपने पूर्वजों के बताए नियमों अनुसार खेतो में अपनी फसलों का अच्छी उत्पादन होने की कामना प्रकृति शक्ति से किया। खेती किसानी में पानी का विशेष महत्व होता है, हमारी माटी जिसे हम माता भुइयां कहते हैं उसकी हम हमेशा रक्षा करेंगे, हमारी कृषि परंपरा में यह दिन विशेष महत्व रखता है, इनका जीवन कृषि पर आधारित है। इस दौरान प्रमुख रुप से ग्राम गायता पवन कुमार मंडावी, ग्राम पटेल रामुराम मंडावी,जगदूराम मंडावी, रेखलाल विश्वकर्मा, परदेशी राम मंडावी, बिहारी लाल सिन्हा, मसाराम मंडावी जयसिंह, जागेश्वर, दयाराम, सोनूराम, राजेंद्र कुमार, मोतीराम, महेश कुमार, संतोष राजकुमार धनीराम, सुदेश तोप्पा, अनिल कुमार, शिवप्रसाद सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहें।

### बच्चों को योग का कराया जा रहा अभ्यास, दे रहे काढ़ा

**जगदलपुर।** आयुष विभाग द्वारा पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शासकीय आयुर्वेद औषधालय डिमरापाल की ओर से प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है, योग के बाद बच्चों को काढ़ा दिया जा रहा है। साथ योग शिक्षक द्वारा अनुलोम विलोम, ताड़ासन, प्राणायाम, ध्यान सहित तरह के राजयोग का अभ्यास कराया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# नवप्रवेशी विद्यार्थियों का मुंह मीठा करा कर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



- प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला साधुमिचगांव में शाला प्रवेशोत्सव

शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला साधुमिचगांव में नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत कर मुंह मीठा कराते हुए शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से की गई। तत्पश्चात नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक वंदन एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। नौनिहालों को अतिथियों ने कॉपी, पेन, पेंसिल, कटर, रबर, ड्रेस, चॉकलेट, बिस्किट व अन्य सामाग्री भेंट स्वरूप प्रदान किया। मिवान स्टील माइंस की ओर से शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय साधुमिचगांव को एक सेट कंप्यूटर सिस्टम प्रदान की गई। इस अवसर पर रामानंदन सिंह सहायक प्रबंधक कार्यक्रम में शामिल हुए उन्होंने विद्यार्थियों को नशा से दूर रखने का अव्हान किया। साथ ही आगे भी मांगो को पूरा करने का आश्वाशन दिया। मुख्य अतिथि मुकेश गावड़े, विशिष्ट अतिथि सुश्री सिरों कोमरे, बीईओ एसपी कोसरे, एबीईओ अंजनी मंडावी, बीआरसी लतीप सोम, मंडल संयोजक बैजनाथ नरेटी ने कहा शाला में अध्ययनरत विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर रहे है, किंतु हम सभी को मिलकर भी बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करना होगा। इसके लिए घरों में भी निरंतर उनको पढ़ने के लिए सहयोग एवं निगरानी करनी होगी। उनके अध्ययन पर निरंतर नजर रखनी होगी, होमवर्क के लिए प्रतिदिन बिठाना, नोटबुक चेक करना, मासिक टेस्ट आकलन रिपोर्ट लेना, पालक शिक्षक सम्मेलन में शामिल होना, शिक्षकों से संपर्क कर अपने बच्चों की शैक्षणिक स्तर की जानकारी लेने कि बात कही। संकुल समन्वयक राजकुमार चंद्राकर ने कहा कि नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 4, एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 2, राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृति परीक्षा में 12 विद्यार्थियों का चयन हुआ है तथा प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का मेरिट लिस्ट आना शेष है। साथ ही विद्यार्थियों को नियमित शाला भेजने, नशापान पर प्रतिबंध लगाने, शालात्यागी विद्यार्थियों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सामूहिक प्रयास करें।

इस अवसर पर प्रधान पाठक शिक्षक निरेंद्र भवसार, राजेंद्र बंजारे, रोशन जैन, सोमसिंह नरेटी, राजकुमारी भुआर्य, उपसरपंच राकेश जाड़े, एसएमसी अध्यक्ष रैसुराम दर्रो, कृष्णा गावड़े, बंशीलाल गावड़े, राजोंन नरेटी, संजय नेताम सहित पालक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

